हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 बहनों ने बांधी भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र


12 भटगांव में धूमधाम से मन रक्षाबंधन का त्योहार




## खबर संक्षेप



### एसपी से सौजन्य भेंट कर दिया न्योता

**बलौदाबाजार**। जिला पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भावना गुप्ता से सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर 24 अगस्त को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम न्योता दिया एवं विशाल रैली एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष संतोष ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, टिकेश्वर ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष को ब्रम्हकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**बलौदाबाजार**। रक्षाबंधन बंधन का पावन पर्व नगर में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने अपने भाईयों की कलाई में राखी बांधी, और रक्षा का संकल्प लिया, इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के निवास में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान ईश्वरीय विद्यालय की बहनों ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया, नगर पालिका अध्यक्ष श्री जैन ने इस अवसर पर प्रजापिता बहनों के रक्षा सूत्र रक्षाबंधन के पर्व पर सभी बहनों को शुभकामनाएं देते हुए परम्परागत ढंग से भाई-बहनों के पर्व पर सभी बहनों प्रति स्नेह पूर्ण आभार व्यक्त किया गया व सदैव सेवा संकल्प का वचन दिया।

### शराब दुकान के सुपरवाइजर से मारपीट

**महासमुंद**। शराब दुकान में घुसकर सुपरवाइजर से मारपीट करने के मामले में बसना थाने में ईगल हंटर कंपनी के जीएम के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को विदेशी मदिरा दुकान बसना के सुपरवाइजर देवप्रसाद बरिहा ने एफआईआर में बताया कि 5 अगस्त को ईगल हंटर मेसर्स कंपनी का जीएम आलोक गुप्ता निवासी रायपुर शराब दुकान बसना में दोपहर 1-2 बजे के बीच आया और गाली गलौज कर कालर पकड़कर मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### उप जेल में छाया-पानी की सुविधा नहीं, दूरदराज से आई 300 से ज्यादा महिलाएं घंटों तक रही परेशान

# उप जेल में बहनों के साथ अमानवीय बर्ताव, सुखे कंठ घंटों खड़ी रहीं धूप में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

### कई बहनों की आंखों में दिखे आंसू, भाई-बहन का मिलन बना भावुक क्षण



भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन पर बलौदाबाजार की उप जेल में अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला। अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची दूर-दराज से आई 300 से अधिक महिलाओं को चिलचिलाती धूप और असुविधाओं के बीच घंटों इंतजार करना पड़ा। जेल प्रशासन की ओर से न तो बैठने की व्यवस्था की गई थी और न ही पीने के पानी और छाया का इंतजाम था, जिससे महिलाओं और उनके साथ आए छोटे बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

सुबह से ही जेल के बाहर बहनों का तांता लगना शुरू हो गया था। घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं कभी पेड़ों की छांव तो कभी दीवार के सहारे खड़ी रहीं। इस दौरान कुछ महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, लेकिन यहां की बदइंतजामी ने खुशियों में खलल डाल दिया। एक महिला ने शिकायत भरे स्वर में कहा कि हम सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन यहां पानी तक का इंतजाम नहीं किया गया है।

### भविष्य में सुधार की मांग

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे विशेष अवसर पर जेल प्रशासन को पहले से तैयारी करनी चाहिए थी। बैठने, छाया और पीने के पानी की व्यवस्था कर दी जाती, तो बहनों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। महिलाओं ने भी प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे मौकों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि भाई-बहन की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।



### अव्यवस्था के बीच भावुक माहौल

जेल परिसर में प्रवेश से पहले बहनों को कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा, जिससे पूरी प्रक्रिया धीमी हो गई। इसी कारण महिलाओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। हालांकि, इन परेशानियों के बावजूद बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी, तिलक लगाया और मिठाई खिलाई। इस दौरान अपने भाई को सलाखों के पीछे देखकर कई बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े, जिससे जेल परिसर में एक भावुक नजारा भी देखने को मिला।

### मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

# घोटिया रोड पर छोटा हाथी वाहन से चार मवेशी जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



■ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, क्रूरता से ठूंसकर ले जाए जा रहे थे मवेशी

पलारी पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम घोटिया के मेन रोड पर स्थित प्रकाश ढाबा के पास नाकेबंदी की थी। इसी दौरान एक छोटा हाथी वाहन को रोका गया, जिसमें मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा था।

पुलिस को देखकर वाहन में बैठे तीनों आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। थाना प्रभारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक और पुलिस स्टाफ की टीम ने यह कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में शिव कुमार देवांगन (37), शत्रुहन घृतलहरे (72) और सूरज गायकवाड़ (25) शामिल हैं।

### क्रूरता की हद पार, मवेशी जब्त

पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें तिरपाल से ढके हुए दो गाय और दो बछिया मिलीं। इन मवेशियों को बिना चारा-पानी के अमानवीय ढंग से ठूंस-ठूंसकर रखा गया था। एक गाय बीमार हालत में थी और दूसरी के सींग में पट्टी बंधी हुई थी। आरोपियों के पास पशु परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं था, जिसे उन्होंने लिखित में स्वीकार किया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर, फोटो और वीडियो भी संकलित किए। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 00/25, धारा 4, 6, 10, 11 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश को लेकर ठेकेदार से मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ठेकेदारी का काम करने वाले जहीर अली, वार्ड नं0 12 श्याम बिहार बंसुला ने रिपोर्ट लिखाई है कि 8 अगस्त की दोपहर करीबन 2 बजे उसे अवधेश मिश्रा फोन किया व पुरानी रंजिश की बात को लेकर विवाद कर मिलने के लिए बुलाया। वह अपने दोस्त ओसाम खान के साथ रात करीबन 9.30 बजे अवधेश मिश्रा से मिलने के लिये रायपुर बाईपास के पास गया था। कुछ समय बाद अवधेश मिश्रा अपने दोस्तों के साथ वहां पर मोटर सायकल से आया व गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की।

# जर्जर शबरी सेतु पर भीषण हादसा, बाइक चालक हवा में उछला, गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के अंतर्गत शबरी सेतु महानदी पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 25 वर्षीय युवक गौरव यादव की मौत हो गई। शनिवार, रक्षाबंधन के दिन, गौरव अपनी बाइक से गिधौरी आ रहा था, तभी पुल पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया। वह हवा में उछलकर पुल पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर शिवरीनारायण वार्ड क्रमांक 11 निवासी गौरव यादव के परिजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते रहे। पूरा परिवार इस हादसे से सदमे में है। तत्काल 112 डायल कर वाहन बुलाया गया और गौरव को खरौद अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

■ शिवरीनारायण के 25 वर्षीय युवक की जर्जर पुल पर हादसे में गई जान, परिवार में पसरा मातम





### भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

स्थानीय लोगों ने कहा है कि पुल पर भारी वाहनों के चलने से दबाव बना रहता है, जिससे यह और भी जर्जर हो रहा है। उन्होंने इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की है। शनिवार को पुल की खस्ताहाल सड़क ने आखिर एक निर्दोष की जान ले ली, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

### युवक की मौत का कारण जर्जर पुल

गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। पुल पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे उभर आए हैं और कई स्थानों पर पुल की परत उखड़कर लोहे के छड़ बाहर निकल आए हैं। प्रशासन और संबंधित विभाग की लापरवाही हमेशा सुर्खियों में रहती है, लेकिन शबरी सेतु पर खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन मौन है।

### खरोरा कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**खरोरा**। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्व. रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल राकेश सिंह एवं प्राचार्य डॉ शंपा चौबे के कर कमलों से मां भारती के तैलचित्र पर पुष्पार्पण, गुलाल और अगरबत्ती दिखाकर हुआ। कारगिल युद्ध में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जवानों को नमन करते हुए कर्नल राकेश सिंह ने कहा कि सरहद में हमारे ▸▸ शेष पेज 11 पर



बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
MAINTAINING THE LEGACY FOR DECADES
EXCELLENCE KI GUARANTEE
Only Engineering College in Chhattisgarh offering
BBA-BCA
Affiliated with Technical University (CSVTU)
Approved by AICTE
Highlights of the program
AC CLASS ROOMS
• Advanced Curriculum
• Guidance from Industry Mentors
• Paid Internship
• Club Activities
• Activity Based Learning
• Skill Enhancement Program
• Add on Certification (Recognized in the Global Market)
Collaborative Tie-Ups
TATA | BYJU'S | amazon | BAJAJ FINSERV | Tally | CISCO | HARIOM TMT | Jayaswal Neco Industries Limited
50+ MOUs with Reputed Organizations | 1 Lac+ Books in the Library, Digital Library Access | 120+ Labs in various Disciplines | 25 Yrs+ Legacy in Education | 25K Alumni in All Parts of the world
RANKING & ACCREDITATIONS
#1 RANK In University Result | 25,000+ Alumni | 12 LAKH Highest CTC | TOP Placement in All Streams
QR CODE
SCAN QR CODE TO KNOW MORE ABOUT SRGI
REACH US AT
Call- 9229-111-555, 9229-111-666
Rungta Knowledge City, Kohka, Kurud Road, Bhilai (Chhattisgarh)
/rungtacolleges.com /rungtacolleges

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कसडोल।** नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल में रक्षा बंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस के शुभ उत्सव पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राखी बनाओ प्रतियोगिता, मटकी सजाओ प्रतियोगिता और, मेहंदी प्रतियोगिता, जिसमें कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चो के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसी तरह से हाई और हायर सेकंडरी के छात्राओं के लिए मेहंदी लगाओ का प्रतियोगिता आयोजन हुआ। वहीं मिडिल स्कूल के छात्र छात्राओं ने मटकी सजाओ प्रतियोगिता में बस्तर संस्कृति पर आधारित कलाकृति की छाप पर पेंटिंग बनाई। इस अवसर पर पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने सभी बच्चो को रक्षा बंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी।

### आहार की अनियमितता से रोग बढ़ रहे

**महासमुंद।** निरोगधाम योग नेचुरोपैथी वैलनेस ग्राम बीके बाहरा विक्रम लाल साहू ने कहा कि आधुनिक समय में आहार -विहार की विकृति/अनियमितता के कारण लोग शारीरिक व मानसिक व्यधियों से ग्रस्त हो ही जाते हैं। पेट /आंतो का साफ नहीं होना सामान्य हो गया है, जिसकी स्थायी उपचार की सुविधा नेचुरौपैथी को छोड़कर किसी भी पैथी में उपलब्ध नहीं है। शारीरिक व्याधियों के उपचार के लिये जहरीले सिंथेटिक- दवाओं का सहारा लेना मजबूरी हो जाता है किंतु उससे व्याधियां कुछ समय के लिये दब जाती है,जड़ से समूल नष्ट कभी नहीं होती, उसके साइड इफेक्ट से नई बीमारियां पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि लोग सुविधानुसार किसी भी नेचुरौपैथी वैलनेस में जाकर जहां सुविधा उपलब्ध हो, वहां जाकर शरीर-शोधन शिविर /दो -दिवसीय शंख -प्रच्छालन शिविर अथवा एक -दिवसीय कौलन-हाइड्रोथैरेपी/वस्ती का लाभ ले सकते हैं।

### युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नव्या योजना शुरू की गई है। इस योजना का लक्ष्य देश में कौशल विकास को बढ़ावा देना और युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेंद्र जटवार ने बताया कि नव्या योजना को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया है। महासमुंद जिले में इस योजना का प्रशिक्षण जन शिक्षण संस्थान, स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के सामने स्थित केंद्र में दिया जा रहा है। इसके लिए बेरोजगार युवा, स्कूल या कॉलेज छोड़ चुके 16 से 18 वर्ष आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। प्रशिक्षण विभिन्न क्षेत्रों में दिया जा रहा है। जिसमें प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट, जूट एवं एम्ब्रॉयडरी एवं अन्य रोजगारोन्मुख कौशल शामिल है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

### घरों में ध्वज फहराने के लिए किया प्रोत्साहित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत, लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गायत्री चंद्राकर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता-दिवस मनाया जाता है।

# देश की रक्षा में आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गोंड समाज खैरा चक द्वारा शनिवार को ग्राम मेकरी में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सभी को विश्वास आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं दी, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के

### ग्राम मेकरी में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस समारोह



#### प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है आदिवासी समाज

शिवरतन शर्मा ने कहा की धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की वीरता और भगवान बूढ़ादेव जी की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही हमारे समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जीवंत हो उठती है। भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहा छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।

अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ-साथ हमारी धार्मिक परम्पराओं, आस्था के केन्द्रों, पौराणिक सभ्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को हम सभी नमन करते हैं।अमर मंडावी, बंशी लाल नेताम, रेवती राजेश पटेल, देवक साहू, लक्ष्मी नारायण शर्मा, सियाराम चक्रधारी, दुकालू ध्रुव, राम सिंह ध्रुव, गौकरण छेदइहा, राजपाल छेदइहा, सुखराम गुरूजी, हीराराम मरावी, मोहन पोर्ते, बुधराम मरावी, सेतराम मरावी, विष्णु मरावी, लखेश्वर नेताम, रविशंकर मरकाम, हरगोविंद नेताम, झूमुक नेताम, दयाराम नेताम सहित बड़ी संख्या में समाज वाले उपस्थित थे।

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, आदिवासियों की पहचान पर दिया जोर

# जिला प्रशासन व सर्व आदिवासी समाज ने मिलकर मनाया विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का पर्व शनिवार को जिला प्रशासन और सर्व आदिवासी समाज ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला कलेक्टर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह और डीएसपी निधि नाग सहित सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी ने मिलकर शहीद वीर नारायण सिंह और परिसर में स्थापित अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने विश्व आदिवासी दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा और उनकी पहचान को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने के लिए 9 अगस्त, 1994 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। यह दिन आदिवासी लोगों के उन महत्वपूर्ण योगदानों को भी स्वीकार करता है, जो वे पर्यावरण संरक्षण जैसे वैश्विक मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं।

- आदिम जाति सहायक आयुक्त, एसपी और सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी रहे मौजूद

भूपेंद्र ध्रुवंशी ने कहा कि भारत के आदिवासी इस दिन को सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक उत्थान के साथ स्वाभिमान की जिंदगी जीने के लिए मनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज अपनी जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए हमेशा संकल्पित रहा है और रहेगा।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज की जिला इकाई, ब्लॉक पदाधिकारी और अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष मोती लाल मंडावी, जिला उपाध्यक्ष भानू ध्रुव और महिला प्रभाग जिलाध्यक्ष अंजू नेताम सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने इस दिन को यादगार बनाया।

### विश्व आदिवासी दिवस पर लगा विशेष विधिक साक्षरता शिविर

**खरोरा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा आदिवासी समाज भड़हा खरोरा में एक विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। जिसमें प्रमुख रूप से नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण व प्रवर्तन हेतु विधिक सेवाएं 2015, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विधिक सेवाएं 2015, नालसा हेल्पलाइन नंबर, नालसा जागृति अभियान, नालसा साथी अभियान, आवाज उठाओ, डान, तथा नालसा निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत, जनोपयोगी लोक अदालत, पेंशन लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, के संबंध में जानकारी दी गई।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर विशेष रूप से सामाजिक कार्यकर्ता तुलेश्वर साहू, आदिवासी समाज भड़हा के भागवत दीवान, दिनेश कंवर, शंकर लाल कंवर, राम दीवान, पुरुषोत्तम कंवर, संतोष कंवर, प्रेम लाल कंवर, परदेशी कंवर, अरविंद कंवर तथा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज की महिलाएं व ग्रामीण इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। न्याय सबके लिए।





# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश और जिला इकाई के निर्देश पर खरोरा मंडल की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना था। 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' नारे के साथ सभी बूथों के घरों को तिरंगे से जोड़ने और देशप्रेम का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि कोई भी घर तिरंगा लगाने से न छूटे।

- मंडल कार्यकारिणी की बैठक में 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' नारे के साथ हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, मंडल प्रभारी राजेंद्र वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. गुलाब सिंह टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जिला पंचायत सदस्य और सभापति स्वाति वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता निलांबुज चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी और नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### तिरंगा यात्रा से बनेगा देशप्रेम का माहौल

कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूरे क्षेत्र में देशप्रेम का माहौल बनाना है। मंडल महामंत्री और तिरंगा अभियान के प्रभारी घनश्याम चंद्राकर ने कहा कि इस अभियान को बूथ स्तर पर जोर-शोर से चलाया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।इस बैठक में मंडल महामंत्री दुलेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव, कांति सेन, लक्ष्मण देवांगन, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, मंत्री ईश्वरी साहू, प्रेम रात्रे, सोशल मीडिया प्रमुख सुबोध सेन, सुनील मनहरे, बूथ अध्यक्षगण और नगर पंचायत पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने का वादा किया।

### सतनामी समाज की बैठक आज

धमतरी। सतनामी समाज जिला धमतरी की बैठक 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे जोधापुर स्थित गुरु बालकदास भवन में रखी गई है। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर विचार किया जाएगा। ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाने, समाजसेवियों का सम्मान, कार्यकारिणी का विस्तार व संचालक मंडल की मजबूती पर चर्चा की जायेगी।

# जेएनवी लवन ने कथक, माईम और टॉय मेकिंग में जीता पहला स्थान

**लवन।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) लवन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गई थी।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली में आयोजित प्रतियोगिता में जेएनवी लवन के विद्यार्थियों ने कथक नृत्य और माईम में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, जवाहर नवोदय विद्यालय, मल्हार में हुई प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने टॉय मेकिंग में प्रथम स्थान और



सामूहिक गीत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य बी. गिरजा ने सभी विजेता विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी विभिन्न कलाओं में भाग लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा वर्ष भर में ऐसे कई कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, ताकि विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास हो सके।

# ब्राह्मण एकता परिषद का सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उद्देश्यपूर्ण कार्य सदैव समाज को प्रेरित करता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ द्वारा सावन महोत्सव एवं हरित श्रृंगार कार्यक्रम का भव्य आयोजन अयोध्या निवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सचिव यामिनी शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें समाजसेवी शुभा शुक्ला, वरिष्ठ कवयित्री सीमा पांडेय एवं रुनाली चक्रवर्ती ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

परशुराम के पूजन एवं संकल्प वाचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बहनों ने सावन को विदाई देते हुए हरित श्रृंगार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिलाओं ने आत्म-अभिव्यक्ति खेल, गीत गायन, रैंप वॉक जैसे



आकर्षक कार्यक्रमों में भाग लिया। छत्तीसगढ़ी गढ़कलेवा व्यंजनों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरिता शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा, जिला संयोजक गीतांजलि, जिला संरक्षिका पारुल शर्मा, मीडिया प्रभारचौबे, मंजू शिव तिवारी, मंजू जीतू तिवारी, उषा शर्मा, खुशबू उपाध्याय, नंदनी शर्मा, निशा, रीता, मधु मिश्रा, आशा पांडेय, कविता तिवारी, शैलजा, सुनीता, नीलू, अन्नपूर्णा सहित प्रदेश की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर भव्य मानस महोत्सव का आयोजन

# तुलसी जयंती पर 26 मानस मंडलियों ने भक्ति व प्रेम का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत मल्दी में जिला मानस संगठन के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि बाबा गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर भव्य मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस धर्ममय आयोजन में 26 मानस मंडलियों ने भाग लेकर संपूर्ण वातावरण को

- पूर्व जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा ने नारी सम्मान पर दिया जोर, कहा- 'राम से सीखें महिला सम्मान'



श्रीराममय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, श्रीरामचंद्र भगवान, और गोस्वामी तुलसीदास जी की आरती, नारियल तिलक और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में आकाशवाणी व दूरदर्शन के लोक कलाकारों ने भावपूर्ण भजनों और मानस वाचन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा उपस्थित रहीं।

उन्होंने तुलसीदास के जीवन, भक्ति और रचनात्मक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे हिंदी साहित्य के महान संत कवि थे, जिनकी रचनाएं जैसे रामचरितमानस, विनय पत्रिका, दोहावली, कवितावली आज भी लोगों के हृदय में जीवित हैं। उन्होंने नारी सम्मान का संदेश देते हुए कहा कि श्रीराम ने माता-सीता के सम्मान में 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया, हमें भी महिला सम्मान को सर्वोपरि रखना चाहिए। विशेष अतिथियों में जनपद पंचायत भाटापारा के उपाध्यक्ष भोलाराम वर्मा, ग्राम सरपंच भारतीय वर्मा, पुहूप राम यदु, सेवाराम वर्मा (सिमगा मानस संगठन उपाध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय वर्मा ने तुलसीदास जी को भक्ति युग का अग्रणी कवि बताया और सभी प्रतिभागी मंडलियों को ग्राम पंचायत की ओर से शुभकामनाएं दीं।

#### इनकी रही सहभागिता

गणेश मानस मंडली (चीचिरदा), राधारानी मानस मंडली (कोसमंदा), चंचल मानस मंडली (टोनाटार), प्रज्ञा महिला मानस मंडली (बलौदाबाजार), बाल गोपाल मानस परिवार (पौसरी), श्रीराम सेतु मानस परिवार (मलदी), श्री राम मानस परिवार (करमदा), लोक सिंगार मानस परिवार (अमाकोनी), सिंदूर महिला मानस मंडली (मुड़पार), मानस मंडली (देवरी) आदि कुल 26 मंडलियों ने सहभागिता निभाई। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि ग्राम मल्दी को धर्मनगरी अयोध्या का स्वरूप प्रदान कर गया। आयोजन की सफलता में ग्राम पंचायत, जिला मानस संगठन और समस्त ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही।

# सूख रही फसलें, आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल में बीते पंद्रह दिनों से बारिश न होने के कारण खेतों की मिट्टी फटने लगी है और हरी-भरी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। धान जैसी खरीफ फसलें पानी के अभाव में मुरझा रही हैं। खेतों में पड़ती दरारें किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर भारी पड़ रही हैं।

गांव-गांव में किसान खेतों की स्थिति देखकर चिंतित हैं। कई किसान सिर पर हाथ रखकर आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, मानो ईश्वर से सीधे संवाद कर वर्षा की प्रार्थना कर रहे हों। किसानों का कहना है कि प्रकृति पर हमारा कोई जोर नहीं, लेकिन समय रहते सिंचाई के लिए वैकल्पिक इंतजाम जरूर हो सकते हैं। स्थानीय किसानों ने बताया कि बांधों में पानी होते हुए भी प्रशासन शासन के आदेश के बिना पानी नहीं छोड़ पा रहा है। यह स्थिति किसानों के लिए और भी चिंता का विषय है, क्योंकि फसलें अब शुरुआती सिंचाई की मांग कर रही हैं। यदि एक सप्ताह के भीतर पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो भारी पैमाने पर फसल नुकसान का खतरा है।

किसानों का कहना है कि हमारा भरोसा अब भगवान और शासन, दोनों पर है। भगवान समय से वर्षा करें, और शासन हमारी फसलों को बचाने के लिए नहरों से पानी छोड़े। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार मांग उठ रही है कि शासन-प्रशासन तुरंत संज्ञान लेकर नहरों से पानी छोड़े, ताकि खेतों की प्यास बुझ सके और अन्नदाता की मेहनत व्यर्थ न जाए।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने प्राकृतिक राखियां बनाकर मनाया रक्षाबंधन

**खरोरा ।** विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सामग्री से सुंदर राखियां तैयार की, कलात्मक एवं प्रतीकात्मक रक्षा सूत्र बनाए और आकर्षक राखी थाल सजाने की कला प्रस्तुत की। छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर पारंपरिक रीति निभाई। अंतर-सदन राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय चेयरमैन डॉ. राघवेंद्र गोस्वामी ने बच्चों की कलाकृतियों की सराहना की। प्रिंसिपल वैशाली गोस्वामी ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के स्नेह और सौहार्द का श्रेष्ठ प्रतीक बताया। विद्यालय चेयरमैन, प्रिंसिपल व शिक्षिकाओं ने किया। प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय के उत्सव प्रथम, आराध्या साहू द्वितीय,पुलकित साहू तृतीय, चिराग यादव रहे। कक्षा चतुर्थ की देवेश नेताम प्रथम, द्वितीय लावन्या देवांगन तृतीय रहे। कक्षा पंचम के शेर्या वंशे, द्वितीय, प्रियंका गिलहरे रहे। कक्षा छह से मिथलेश देवांगन प्रथम, भूमिका गिलहरे द्वितीय रहे। कक्षा सातवीं से विभा कुर्रे प्रथम रही।

### महिला कर्मचारियों ने सीएम को भेजा रक्षासूत्र



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद के महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को रक्षाबंधन त्योहार के उपलक्ष्य में रक्षासूत्र डाक के माध्यम से भेजा। साथ ही अपनी 10 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। महिलाओं ने खुशी का इजहार करते हुए रक्षाबंधन तोहफा के रूप में भाजपा घोषणा पत्र का नियमितीकरण का वादा जल्दी पूर्ण होने की उम्मीद जताई। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ अरुणा अग्रवाल व उनके टीम द्वारा राखी भेजा गया।

### दुर्गापाली में कल 251 सिंदूर के पौधे लगाए जाएंगे

**सरायपाली (ग्रामीण)।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा के गृहग्राम बसना विधानसभा के दुर्गापाली में 11 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम के तहत 251 सिंदूर के पेड़ लगाए जाने का वृहद कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पहलगांव में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। साथ ही शहीदों की याद को जीवंत रखने के साथ साथ यह पहल समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा।

## पेज 9 के शेष

### खरोरा कॉलेज में ...

सैनिक रात जागते हैं, तो सारा देश सो पाता है। असाधारण परिस्थितियों में भी अपने अदम्य साहस, शौर्य से हमारी फौज दुश्मनों को धूल चटाती है। हमारी सरकार गौरवशाली, ऐतिहासिक क्षणों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने इस प्रकार के सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।







**पर्व :** भाई-बहन के पावन पर्व पर शहर में दिखा उत्साह, बसों और टैक्सियों में रही यात्रियों की भीड़

# राखी के रंग में सराबोर हुआ अंचल, प्रेम विश्वास और परस्पर सद्भावना का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन आज शहर में हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में खासी चहल-पहल देखने को मिली। राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे त्यौहार की रौनक और भी बढ़ गई। सुबह के समय बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों के घर जाने के लिए निकलीं। बस अड्डे, टैक्सी स्टैंड और ऑटो स्टैंड पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ से रौनक छाई रही।

दिन के पहले पहर में बाजार पूरी तरह गुलजार रहे। दुकानदार ग्राहकों को सेवा देने में व्यस्त दिखे। मिठाई की दुकानों पर लंबी कतारें लगी थीं, तो वहीं गिफ्ट और सजावटी सामान की दुकानों पर भी खूब खरीदारी हुई। यात्री बसें और टैक्सियां दिनभर बहनों की आवाजाही से भरी रहीं।

दोपहर बाद जैसे-जैसे बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं, बाजारों की भीड़ धीरे-धीरे कम होने लगी। अधिकतर दुकानदार भी अपने-अपने घर जाकर पर्व मनाने लगे, जिससे दूसरे पहर में बाजारों में सन्नाटा पसर गया और गलियां शांत हो गईं। रक्षाबंधन के इस अवसर पर भाई-बहन के स्नेह का अद्भुत दृश्य हर घर में देखने को मिला। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की, जबकि भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा और सम्मान का वचन दिया।



## बहनों से मिले स्नेह से अभिभूत सभापति ने दिया सेवा का वचन

**बलौदाबाजार ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत आमाकोनी में भाई-बहन के रिश्ते की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। गांव की बहनों ने जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव को राखी बांधकर न केवल अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया, बल्कि उन पर अपना गहरा विश्वास भी जताया। बहनों के इस प्रेम और सम्मान से अभिभूत होकर ईशान वैष्णव भावुक हो गए और उन्होंने जनसेवा का एक नया संकल्प लिया।

सभापति ने बहनों से वचन लेते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आप सभी ने मुझे जिताकर मेरी रक्षा की थी। अब आपने मुझे राखी बांधी है, तो मैं यह वचन देता हूं कि आपके सम्मान, सुरक्षा और हक की रक्षा हर परिस्थिति में करूंगा।/" उनके इस भावपूर्ण वक्तव्य से पूरा कार्यक्रम स्थल



तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित ग्रामीणों ने इस अवसर को भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का एक सजीव उदाहरण बताया।

**राखी के धागे में बंधा सेवा का वादा :** कार्यक्रम में बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ईशान वैष्णव को तिलक लगाया, आरती उतारी और राखी बांधी। इसके बदले में सभापति ने उन्हें उपहार भेंट किए और उनकी सुरक्षा व सम्मान की रक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता केवल एक दिन का नहीं, बल्कि जीवन भर का एक अटूट संकल्प है, जो सेवा और विश्वास की डोर से बंधा है। इस अवसर पर सरपंच मनीष साहू, कुंजराम यदु, प्रेमचंद साहू, हरीश साहू, विजय साहू, हर्ष वर्मा, चंदन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## रक्षाबंधन के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, पेड़-पौधों को बांधी राखी, प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन का संयुक्त आयोजन बड़े ही उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से भाईचारे, संस्कृति और सबसे महत्वपूर्ण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि बच्चों ने सिर्फ अपने शिक्षकों को ही नहीं, बल्कि विद्यालय परिसर के छायादार वृक्षों को भी अपने हाथों से बनी रंग-बिरंगी राखियां बांधीं। यह पहल प्रकृति को संरक्षित करने और जीव-जगत के आपसी संबंधों को



**सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. एल.एस. ध्रुव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार तिवारी और संचालक टूकेश्वर वर्मा ने पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. ध्रुव ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी जीवनशैली हमें सादगी, परिश्रम और प्रकृति से प्रेम की प्रेरणा देती है।

मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंच पर बच्चों ने आदिवासी जीवन, उनकी संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर आधारित नृत्य, गीत, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने राखी निर्माण, गिफ्ट कार्ड सजावट, मेहंदी और थाली सजाओ जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में, शिक्षकों ने मुख्य अतिथि को पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरा विद्यालय परिसर, छात्र-छात्राएं और अभिभावक इस उत्सव का हिस्सा बने और इसका आनंद लिया।

### बहनों ने बांधी भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र



**बंगोली ।** रक्षाबंधन श्रावण मास के अंतिम तिथि पूर्णिमा ,श्रावणी उपाकर्म को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया । राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक था तथा भद्रा दोपहर 2.12 बजे से 9 अगस्त रात 1.52 बजे समाप्त हुआ । वहीं सौभाग्य योग रक्षाबंधन के दिन से शुरू होकर 10 अगस्त सुबह 2.15 बजे तक था । रक्षाबंधन हिंदू धर्म के भाई और बहन के अटूट प्रेम,रक्षा का पवित्र त्यौहार है जो आजीवनभर चलती है । रक्षाबंधन जहाँ रक्षा का अर्थ सुरक्षा है और बंधन माने बांधने की क्रिया का प्रतीक है ।

### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**खरोरा ।** राखी का त्यौहार बड़े धूमधाम से आज मनाया गया । बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी राखी बांधने के बाद भाईयों ने अपनी बहनों को विभिन्न उपहार भी दिए। बहने तैयार होकर भाईयों का इंतजार करते दिखी। जैसे ही भाई पहुंचे तो उनका उत्साह से स्वागत किया। बहनें थाल में तिलक, फूल, दूब, राखी व दीये के साथ मिठाई सजाकर आसन पर भाईयों को बिठाया। इसके बाद भाइयों को तिलक लगाकर पूजा की प्रक्रिया पूरी किया। साथ ही बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा बांधकर दीर्घायु होने की कामना की और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाईयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। और उपहार देकर में बहनों की खुशियों को दोगुना कर दिया। यह सिलसिला दोपहर से देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर में बस, टेंपो समेत अन्य वाहनों में भी काफी भीड़ रही।

### अंचल में बहनों ने बांधा रक्षासूत्र



**पलारी ।** अंचल में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व रक्षाबंधन का पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक कर कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। वही भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। इस पर्व को लेकर विशेषकर बच्चों में काफी उत्साह रहा। दूरदराज में रहने वाले भाईयो ने भी घर पहुंचकर बहनों से राखी बंधवाई ।

### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**सिमगा ।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाईयों की आरती उतारकर भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर सुरक्षा का आश्वासन दिया । वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को तरह तरह के उपहार देकर बहनों को जीवन भर रक्षा करने का भरोसा दिलाया । रक्षाबंधन पर्व पर आज दिन भर मुहूर्त होने के कारण प्रातः से ही संध्या तक रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। वहीं छोटे-छोटे भाई बहन रक्षाबंधन पर्व मनाने में बड़े ही उत्साहित दिखे ।



## भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व धूमधाम से संपन्न



**लवन।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को लवन और आसपास के गांवों में धूमधाम से मनाया गया। इस बार यह त्योहार विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व से एक दिन पहले, शुक्रवार को ही लवन के बाजार पूरी तरह से गुलजार हो गए थे। सुबह से लेकर देर रात तक राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई, जहां लोग अपने भाई-बहनों के लिए जमकर खरीदारी कर रहे थे। इस साल बाजार में एक से बढ़कर एक खूबसूरत और आकर्षक राखियां उपलब्ध थीं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की, युवाओं के लिए डिजाइनर राखियों की और पारंपरिक राखियों की भी खूब मांग रही। मिठाइयों की दुकानों पर भी खूब रौनक थी। लोगों ने अपनी पसंद की मिठाइयों के अलावा, विशेष रूप से तैयार की गई मिठाइयों की भी खरीदारी की। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी का माहौल चरम पर था। व्यापारियों के चेहरे पर भी अच्छी बिक्री होने की खुशी साफ झलक रही थी। यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी के हाथों में राखी और मिठाई के पैकेट नजर आ रहे थे। इस दिन हर घर में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया, जब बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में प्यार का धागा बांधा।

## पुलिस और समाजसेवियों की कलाई पर बंधी राखी



**खरोरा ।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक अनूठी पहल की। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास संस्कार केंद्र पहुंचकर वार्डवासियों और केंद्र के संचालक वेदराम मनहरे को राखी बांधी और उनकी कुशल मंगल की कामना की। इससे पहले, थाना परिसर में छात्राओं ने थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा से मुलाकात की। थाना प्रभारी ने छात्राओं को महिला और बालिका शिक्षा, सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समाज में होने वाली घटनाओं से सचेत रहने की सलाह भी दी। इसके बाद विद्यालय की 30 बहनों ने थाना खरोरा के समस्त कर्मचारियों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान प्राचार्य अश्वनी पाटकर सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### दूर-दूर से आई बहनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन



**खरोरा ।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन आज ग्राम भरुवाडीह कला में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव का माहौल उल्लासमय हो गया था। गलियों में बहनों के हाथों में सजाए हुए थाल और चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। दूर-दूर के गांवों से आई बहनें अपने भाइयों के घर पहुँचते ही गले लगकर खुशियों से भर उठीं। थालियों में रोली, चावल, दीपक और मिठाई सजाकर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख-समृद्धि तथा दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प दोहराया। घर-घर में मिठाइयों की मिठास और रिश्तों की गर्माहट ने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। ग्राम भरुवाडीह कला के धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हमारी बहनें, जो कि दूर-दूर के गाँव से हर्षपूर्वक भाइयों को राखी बांधने के लिए आती हैं, उनके इस प्रेम और त्याग की मिसाल अद्वितीय है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह समाज में आपसी प्रेम, एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सूरज भोई बने सांसद प्रतिनिधि



**भाटापारा।** पूर्व पार्षद धुरंधर वार्ड के सूरज भोई को नगर पालिका परिषद भाटापारा में प्रशासनिक एवं अन्य कार्यों के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा अपना प्रतिनिधि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अनुशंसा पर नियुक्त किया है। जिस पर भाटापारा भाजपा कार्यकर्ता एवं मित्रो ने बधाई प्रेषित किया है। सूरज भोई ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल व अपने मित्रगणों का नियुक्ति एवं बधाई के लिए आभार व्यक्त की।

### श्यामा ध्रुव का नगर सैनिक के रूप में हुआ चयन



**भाटापारा।** ग्राम बकुलाही के निवासी मोहन ध्रुव की पुत्री श्यामा ध्रुव का छत्तीसगढ़ नगर सैनिक (होमगार्ड - हॉस्टल ड्यूटी) के पद पर चयनित हुई है। इनके छत्तीसगढ़ नगर सैनिक (होमगार्ड हॉस्टल ड्यूटी) के पद पर चयन होने पर माता दुलेश्वरी ध्रुव, पिता मोहन ध्रुव, भाई अजय एवं संजय ध्रुव, बहन - दुर्गा ध्रुव तथा मित्रगण में राहुल गोस्वामी, उमेश देवांगन, राधेकृष्ण देवांगन, शंकर राव मोसा सहित समस्त ग्रामीणजनों एवं सम्पर्क के लोगों ने बधाई प्रेषित किये हैं। ग्राम बकुलाही, नगर भाटापारा से लगभग 20-22 किमी दूर स्थित है।

### उल्लास व सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



**मुंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाहौद में वर्षों से सभी पारम्परिक पर्वों को शैक्षिक वातावरण में मनाने की सुदृढ़ परंपरा रही है, जिससे बच्चों में संस्कृति के प्रति आदरभाव और सामाजिक मूल्यों की चेतना विकसित हो सके इस अवसर पर छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों को प्रेमपूर्वक राखी बांधी और मिठाई खिलाकर रक्षा-बंधन की मधुर अनुभूति को साझा किया। विद्यालय प्रांगण रक्षा सूत्र की सजीव अनुभूतियों से अनुप्राणित हो उठा। भाई-बहन के इस पवित्र बंधन ने बच्चों के कोमल मन में आपसी स्नेह, सुरक्षा और दायित्वबोध के बीज रोपे। शाला के समस्त शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मथुरा प्रसाद वर्मा ने रक्षाबंधन की पौराणिक गाथाओं और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कारों की अमूल्य धरोहर बताया।

**पर्व : कमांडेंट रोशन सिंह असवाल के निर्देशन में उप सेनानी ज्ञानचंद ने किया बहनों का स्वागत**

# आईटीबीपी कैंप में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा





38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में कमाण्डेंट रोशन सिंह असवाल के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय के कैम्प परिसर में ज्ञानचंद (उप सेनानी), अविव्रत पांडेय (उप सेनानी), विकास साहू (सहायक सेनानी) एवं दीपक वोहरा(सहायक सेनानी) की उपस्थिति में ओम शान्ति संस्थान खरोरा, श्री कच्छ पाटीदार समाज रायपुर, अमिटी विश्वविद्यालय रायपुर व आदिवासी विकास समिति से आई बहनों/बच्चे एवं जिला पंचायत सभापति तिल्दा द्वारा हिमवीरों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबन्धन त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

■ देश सेवा के साथ भाइयों का प्यार: जवानों ने बहनों संग मनाया रक्षाबंधन

इस दौरान ज्ञानचन्द (उप सेनानी) द्वारा आई बहनों का 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रागंण में स्वागत किया गया तदोपरान्त रक्षाबन्धन पर्व के उपलक्ष्य में संबोधन दिया गया जिसमें रक्षाबन्धन त्यौहार क्यों मनाया जाता है एवं इसकी क्या ऐतिहासिक विशेषता है से सभी को अवगत करवाया गया। ओउम शान्ति एवं श्री कच्छ पाटीदार समाज का परिचय एवं संबन्धित संस्थाओं द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं नैतिक कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया।

श्री ज्ञानचन्द (उप सेनानी) द्वारा अवगत करवाया गया कि बल पदाधिकारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन के चलते परिवार से दूर रहते हैं एवं त्यौहारों पर घर नहीं पहुंच पाते है, रक्षाबन्धन के त्यौहार पर किसी की कलाई सूनी न रहे जिस कारण कार्यस्थल पर बहनों की कमी पूरी करने के लिए ऐसी पहल होती रही है।

कार्यक्रम के अन्त में श्री ज्ञानचन्द (उप सेनानी) द्वारा 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रागंण में विभिन्न संस्थाओं से आयी बहनों एवं बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## हिरमी व आसपास के गांवों में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**हिरमी रावन।** भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हिरमी, मोहरा, सकलोर, बिटकुली, नेवारी, भालेसुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी सावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की।इस मौके पर भाइयों ने भी परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर ग्रामीण अंचलों में भारी उत्साह देखने को मिला, जहां हर घर में खुशी का माहौल था। बहनें सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंचीं। भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर उनका पूरे आदर-सत्कार के साथ स्वागत किया।इस पर्व की रौनक बच्चों के चेहरे पर सबसे ज्यादा दिखाई दी। बच्चियां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए आतुर दिखीं, तो वहीं भाई भी अपनी बहनों से राखी बंधवाने के लिए उत्साहित दिखे। त्योहार से पहले ही घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। लोगों ने स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना की और उसके बाद बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन लिया गया।इस अवसर पर दिलेश्वर मढरिया ने राखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरुष का पुरुषार्थ और नारी की मर्यादा दोनों ही इस राखी के धागे से बंधे हैं। अगर यह धागा कमजोर होता है, तो न केवल पुरुष का पुरुषार्थ भटकेगा, बल्कि नारी की मर्यादा भी खंडित होगी। उन्होंने कहा कि इस धागे की मजबूती पर ही सामाजिक सरसता और समरसता टिकी हुई है।

### धूमधाम से मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व

**गोपालपुर।** गांव व क्षेत्र में रक्षा बंधन त्योहार को बहुत धुम धाम से मनाया गया। बहन अपने भाई के कलाई में राखी बाँधा और भाई ने अपने बहन की रक्षा करने के लिए वचनबद्ध रहे। उक्त त्योहार भाई बहन के पवित्र रिश्ता है। आवागमन करने वालो का बहुत भीड़ रहा सभी यात्री गाड़ी खचाखच भरा रहा। भीड़ सुबह से शाम तक चलता रहा। गांव एवं क्षेत्र में राखी एवं मीठा दुकान सजा रहा जो अच्छा बिक्री रहा, साथ-साथ मुर्गा-मछली दुकान में भीड़ देखा गया।



## स्नेह के बंधन में बंधे भाई-बहन, अंचल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**अर्जुनी।** भाई बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त दिन शनिवार को अर्जुनी सहित टोनाटार मिरगी, नवागांव, पुरेना, टोपा, खम्हरिया, गोढ़ी, खैरताल, भद्रापाली, मलदी, मोपर, एवं अंचल के गांवों में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र व खुशहाली की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। हिंदू धर्म में मान्यता है कि भाई की कलाई में बांधा जाने वाला रक्षा सूत्र सिर्फ एक धागा नहीं है। यह बहन भाइयों के अटूट और पवित्र प्रेम का बंधन और सुरक्षा की शक्ति का प्रतीक है। रक्षाबंधन के दिन सुबह लोगों ने स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने जन्म-जन्म तक सुख-दुख में साथ निभाने का वचन भाइयों से लिया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस त्यौहार पर सबसे ज्यादा खुशी बच्चों के चेहरे पर देखी गई।

# उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**कसडोल।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और रक्षा का पर्व रक्षाबंधन, कसडोल विकासखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही उत्साह और धार्मिक सौहार्द के साथ मनाया गया। इस साल यह पर्व विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त, शनिवार को पड़ा, जिससे इसकी रौनक और भी बढ़ गई। सुबह से ही बस स्टैंड और बाजारों में भारी भीड़ देखी गई, हर उम्र और वर्ग के लोग इस त्योहार को मनाने के लिए उत्सुक थे।

सुबह से ही बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचने के लिए बसों और







अन्य वाहनों का इंतजार कर रही थीं। बसों में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि लोग पायदान पर लटककर यात्रा करते दिखे। बाजार में मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर खरीदारों का हुजूम उमड़ा रहा। महंगाई के बावजूद बाजारों की रौनक बरकरार रही। मिठाई दुकानदारों ने पर्व के लिए विशेष प्रकार की मिठाइयां भी तैयार की थीं, जो हर वर्ग के हिसाब से उपलब्ध थीं।कसडोल नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन का त्यौहार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक लगाकर आरती उतारी और उन्हें मीठा खिलाकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा का वचन दिया। दिनभर बाजार में चहल-पहल रही। बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ी। रक्षाबंधन का यह त्यौहार न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक है।

### भटगांव में धूमधाम से मन रक्षाबंधन का त्योहार

**भटगांव।** प्यार, आस्था पवित्रता व विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नगर भटगांव में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। भाई और बहन के पवित्र रिश्ते की डोर को और मजबूत करने के लिए बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र राखी बांधी तो भाईयों ने भी बहन को रक्षा का वचन दिया। हर तरफ रक्षाबंधन का उत्साह झलका। भाईयों ने बहनों को दक्षिणा और आकर्षक उपहार देकर भी प्रसन्न किया। बहनों ने राखी की थाली सजाई। और उसमे रोली, कुमकुम, अक्षत दीपक और राखी रखें थे। इसके बाद भाई को तिलक लगाकर उसके हाथों में राखी बांधी। साथ ही भाई की आरती उतारी फिर मिठाई खिलाई और अपनी सुरक्षा और सम्मान की कामना की। भाईयों ने भी उनकी रक्षा का वचन व उपहार दिये।



### रक्षाबंधन पर बाजार गुलजार, सामाजिक संस्थाओं ने भी बांधी राखी

**पलारी।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को पलारी और आसपास के पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही हर घर में उत्सव का माहौल था। बहनों ने पूजा की थाल सजाकर, भाइयों की आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इसके साथ ही उन्होंने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बदले में भाइयों ने भी बहनों को उपहार और मिठाई देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।



पर्व के कारण बाजारों में सुबह से ही रौनक छाई रही। रंग-बिरंगी राखियों, सजावटी सामान और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानदारों के चेहरे पर भी बिक्री बढ़ने की खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी के हाथों में राखी और मिठाई के पैकेट नजर आ रहे थे।

### बगबुडा अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन



**बगबुडा।** पुरे अंचल क्षेत्र में रक्षाबंधन मनाया गया - भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षा बंधन शनिवार को पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में उत्सव का माहौल था। बहनों ने थाल सजाकर, आरती उतारकर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बदले भाइयों ने बहनों को उपहार और मिठाई देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार कठोत्रे (पत्रकार), ताराचंद कठोत्रे (पत्रकार) संगिता, आशा, तुलसी, शिवकुमारी, भाब्या, निधी, धनसिका, एवानसी, भूमिका बिस्वासा, सुलोचनी, बड़ी संख्या में कठोत्रे परिवार उपस्थित रहा।

### शहर से लेकर गांव तक रक्षाबंधन की धूम

**रिसदा।** शहर से लेकर आंचल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व बहनों ने भाईयों के कलाई पर रेशम का धागा ( रक्षा सूत्र ) बांधे। बलौदाबाजार शहर सहित अंचल के ग्राम रिसदा, कोकड़ी, दशरमा, भाटागांव, पुरेना खपरी, ढनढनी, भरूवाडीह, चांपा, खमहरिया, सेम्हराडीह, ठेलकी, पुरान इत्यादि गांवों में धूमधाम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन



**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आसपास क्षेत्र में सावन पूर्णिमा शनिवार को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन बहनें अपने-अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे आशीर्वाद लिया, इसी कड़ी में मुंडा में दिव्या बाई वर्मा ने अपने भाई भैया की कलाई सजाई और लिया आशीर्वाद।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411